Headline: NSE to organise 50 investor awareness programmes in Bengal	
Source: Dainik Jagaran	**Date:** 22 September 2015

बंगाल में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा एनएसई

कोलकाता : भारत के प्रमुख एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 2015-16 में बंगाल में निवेशक जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है। निवेशकों को पूंजी बाजार में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने, वित्तीय नियोजन, सुरक्षित निवेश के तौर-तरीके, स्टाक मार्केट की बुनियादी बातों की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी एनएसई के प्रमुख कारोबार विकास अधिकारी रवि वाराणसी ने दी। बताया कि राज्य में चालू वित्त वर्ष में अब तक 30 निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। राज्य के नौ जिलों को कवर किया। इसमें हुगली, हावड़ा, नदिया व सिलीगुड़ी आदि शामिल हैं। आने वाले महीनों में ऐसे 20 और निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि पिछले साल देश के 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 135 जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में 20 हजार से अधिक निवेशकों की हिस्सेदारी रही।